दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि 8 जनवरी को पीड़िता अपने घर पर सो रही थी। उसका भाई ड्यूटी पर गया था, तभी नयागांव अमीनपुरा निवासी गिर्राज मीणा (32) पुत्र रामगोपाल घर में घुस गया और उसके साथ ज्यादती की।

नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम अनिल कुमार भारद्वाज से परिवर्तन कर अनिल भारद्वाज कर लिया है, भविष्य में मुझे अनिल भारद्वाज के नाम से जाना पहचाना जाये । अनिल भारद्वाज पुत्र ओमप्रकाश शर्मा, नियर सायिल कन्जरवेंशन फार्मस् गेट, कोटा जंक्शन

खोया पाया

दीपक सेन पुत्र रामचंद्र सेन 1-भ-17 दादाबाड़ी कोटा का नोड्यूज गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

आम सूचना

सर्वसाधारण को मेरे पक्षकार मोहम्मद जुनेद अंसारी आत्मज श्री सेफुद्दीन अंसारी जाति मुसलमान निवासी फूटी मस्जिद के पास राधा विलास पाटनपोल कोटा की और से सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा आराजी खसरा संख्या-101 रकबा 0.69 है. खसरा संख्या-276/102 रकबा 0.1133 है. वाके ग्राम मानपुरा तहसील लाडपुरा जिला कोटा में स्थित कोलोनी "समृद्धि नगर सैकण्ड-ए" में स्थित मेरे पक्षकार के खरीद शुदा भू-खण्ड संख्या क्रमशः 8, 9 10, 11, 12, 16, 33, 36, 38, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 52, 53, 54, 55, 57, 58, 59 एवं 60 को मुसर्रत हुसैन आत्मज मुर्तजा हुसैन जाति मुसलमान निवासी 4 भ 41 अशोक पार्क के पास विज्ञान नगर कोटा को विक्रय का करार किया गया था, परन्तु मुसर्रत हुसैन द्वारा करार अनुसार राशि का भुगतान एवं पालना नहीं किये जाने पर उक्त करार निरस्त हो चुका है, जिसकी सूचना मुसर्रफ हुसैन को प्रेषित की जा चुकी है, इसके उपरान्त भी मेरे पक्षकार की जानकारी में आया है कि मुसर्रत हुसैन उक्त भू-खण्डों को अवैधानिक रूप से अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने पर आमादा है, जिसका कि उसको कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। यदि उक्त आराजी के उक्त भू-खण्डों में से कोई भी व्यक्ति मुसर्रत हुसैन से खरीद-फरोख्त करता है, तो वह उससे उत्पन्न होने वाली हानि से स्वयं उत्तरदायी होगा। सूचित हो।

भवदीय

दिनांक 20.1.2025 सैफुद्दीन अंसारी, एडवोकेट मो.7014297296

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (व.ख.) कोटा (राज.)

शंकरलाल विरुद्ध गिरिराज, आदि

बाबत - वाद वास्ते प्राप्त करने राशि

वाद सं. 44 सन् 2024

- बनाम -

1. गिरिराज पुत्र देवकरण जाति नाई स्थान-निवासी केलामाता मन्दिर के पास, प्रेमनगर द्वितीय, कोटा (राज.) 2. नीलम पत्नी गिरिराज जाति नाई निवासी- केलामाता मन्दिर के पास, प्रेमनगर द्वितीय, कोटा (राज.)

वादी ने आपके विरुद्ध वाद के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 13 माह 02 सन् 2025 को दिन में 11 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

नकल वाद पत्र व दस्तावेज पूर्व में संलग्न है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 9 माह 01 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुद्रा

शेरिश्तेदार
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश
एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
कोटा (राज.)

युवाओं को सुरक्षित यातायात नियमों की जानकारी दी, जागरुकता रैली निकाली

- 'सड़क दुर्घटना में हुई मौतों में साठ प्रतिशत युवा'
- गति निर्धारित हो, सड़क की संस्कृति व संस्कार का पालन हो : आर.टी.ओ.

कोटा, (निसं)। यातायात के नियमों का पालन हम सभी को करना चाहिए, यातायात के नियमों का पालन करेंगे तो जीवन में कभी परेशानियां नहीं आएंगी, यदि नियमों का उल्लंघन किया तो कई भयंकर दुष्परिणाम सामने आएंगे, देश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 60 प्रतिशत मौत युवाओं की होती है। यह बात मां भारती पीजी कॉलेज महावीर नगर सेक्टर आठ में आयोजित एक व्याख्यान के दौरान प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कोटा संभाग मनीष कुमार शर्मा द्वारा कही गई।

कार्यक्रम में मां भारती ग्रुप के निदेशक दिनेश् विजय, कोटा सड़क समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता, जगदीश गांधी, प्राचार्य डॉ.श्वेता सक्सेना, कोशिश संस्था के पंकज शर्मा, राजकीय महाविद्यालय से डॉ.रीना मीणा, नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक सचिन पाटोदिया उपस्थित रहे। इस दौरान आरटीओ मनीष शर्मा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सड़क पर तेज गति से वाहन चलाना, सड़क की संस्कृति का पालन नहीं करने पर भयंकर दुष्परिणाम सामने आते हैं, दुर्घटना के बाद की भयावाह स्थिति परिवारों को तबाह कर देती है, हमें हमेशा सड़क पर एकाग्रचित होकर वहां पर ध्यान रखते हुए निर्धारित गति से वाहन को चलना चाहिऐं। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि गत वर्ष एक लाख सत्तर हज़ार मौते हुई जिसमे साठ प्रतिशत युवा थे, जबकि बड़ी-बड़ी त्रासदियों में भी इतनी मौत युवाओं की नहीं होती।

उन्होंने कहा कि सड़क पर दुर्घटना के दौरान यदि घायल को अस्पताल पहुंचाने और उसके संपूर्ण इलाज तक उसकी मदद करने वाले को सरकार 25,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। सेमेरिटन बनने पर लोगों को प्रोत्साहन करने के लिए सरकार की यह योजना काफी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कई जानकारी के माध्यम से युवाओं को सुरक्षित सड़क यातायात की जानकारी देते हुए पालन करने का आग्रह किया। इस दौरान शपथ भी दिलाई गई और रैली भी निकाली गई। मां भारती ग्रुप के निदेशक दिनेश विजय ने कहा कि यह जीवन सुंदर सृष्टि का अनमोल उपहार है, इस जीवन को देश व समाज हित में लगाना चाहिए।

पीजी कॉलेज की प्राचार्य श्वेता सक्सेना ने कहा कि महिलाएं संवेदनशील होकर ड्राइविंग करती है। सुरक्षित चलती हैं और नियमों का पालन भी करती हैं, घर से निकलते वक्त वे अपने परिवार के विषय को सर्वोपरि रखती है। कोटा सड़क सुरक्षा समिति के जगदीश गांधी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि संगोष्ठी के माध्यम से युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही सुरक्षित वाहन चलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के बारे में भी बताया साथ ही राइट ऑफ वे, चौराहे पर किस तरह से निकलना चाहिए, रोड मार्किंग सहित अन्य की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट साईड में टंग रहा है तो कोई भी तारीफ नहीं करेगा लेकिन अच्छी गाड़ी के साथ हेलमेट पहना है तो सभी आदर्श व समझदार बताएंगे।

इस अवसर पर कॉलेज के स्टूडेंटों ने रोड सेफ्टी पर शपथ ली व भरोसा दिलाया कि वह हमेशा यातायात नियमों का पालन करेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा पर रैली भी निकाली गई व पोस्टर प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

मुक्तिधाम से अस्थियां चोरी

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके के सुभाष नगर मुक्तिधाम से अस्थियां चोरी का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब परिवार के सदस्य तीये की रस्म के लिये मुक्तिधाम पहुंचे तो वहां देखा कि मृतका की अस्थि के साथ किसी ने छेड़छाड़ की और मौके से अस्थि भी चोरी हुई। सुभाष नगर मुक्तिधाम पर उस समय मौके पर नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता लव शर्मा भी वहां मौजूद थे। जो किसी के अंतिम संस्कार में शमिल होने के लिये पहुंचे थे।

नगर निगम प्रतिपक्ष नेता लव शर्मा ने बताया कि हंगामे को देखते हुए परिवार के पास पहुंचे तो उनसे परिवार के लोगों ने कहा कि कोई अस्थि चोरी करके ले गया। लव शर्मा ने बताया कि चंद्रमणि का देहांत 18 जनवरी को हुआ था जिस पर तीये की रस्म के लिये परिवार के सदस्य मुक्तिधाम आये थे। लव शर्मा ने कहा कि इसकी सूचना महावीर नगर थाने को दी, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वही महावीर नगर थाने के थानाधिकारी रमेश काविया ने बताया कि सुभाष नगर मुक्तिधाम से अस्थि चोरी की सूचना मिली थी, सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी थी। थानाधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्यों को जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है आरोपियों की तलाश की जा रही है।

हिंदुस्तान क्लब पहुंचा फाइनल में, दूसरा सेमीफाइनल आज

छबड़ा (निसं)। हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को पहला मैच इंद्रा देवी सिसोदिया गुना की टीम ने जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरा मैच हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब ने जीत कर फाइनल में जगह बनाई है।

पूर्व पार्षद खालिद राणा के अनुसार हिंदुस्तान क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित लेदर बाल किर्केट प्रतियोगिता में पहला मैच इंदिरा देवी सिसोदिया गुना वर्सेज साईं एकेडमी गुना के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंदिरा देवी सिसोदिया गुना ने निर्धारित 18 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए बल्लेबाज अविरल ने 35 तथा प्रशांत ने 28 रन बनाए। सुजल ने तीन तथा मोहित ने दो विकेट लिए जवाब में 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए साईं एकेडमी गुना की टीम 18 ओवर में ऑल आउट हो गई राहुल ने 26 रन सुनील ने 24 रन बनाए।

मेन ऑफ दी मैच जतिन को दिया गया इंदिरा देवी सिसोदिया ने 36 रन से मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दूसरा मैच व पहला सेमीफाइनल मुकाबला हिंदुस्तान क्लब तथा विज्ञान नगर क्लब कोटा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान क्लब 17 ओवर में 129 बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई अखिलेश ने 21 तथा अजहर ने 19 रन बनाए। अशोक चीना व रिपु ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में 130 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोटा विज्ञान नगर 18 ओवर में 118 बनाकर ऑल आउट हो गई कोटा के बल्लेबाज अशोक चीना ने 46 तथा मोहित ने 34 रन बनाए अखिलेश ने चार विकेट तथा आकिब और अजहर ने एक-एक विकेट लिए रोमांचक मैच में हिंदुस्तान क्लब ने 12 रनों से मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, भंवरलाल कुशवाह, ललित मेहरा, मनीष नामदेव, गणेश भार्गव, नवीन उपाध्याय, जावेद अली, आलम मंसूरी, गोविंद तिवारी, प्रवीण शर्मा, रईस खान व रामनिवास लारा आदि रहे।

अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी गिरफ्तार

- पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध देशी पिस्टल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों व हथियारों की तस्करी पर शिकंजा कसने के लिये पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन एवं विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि विज्ञान नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने इलाके में गश्त के दौरान एक जने पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई। शहर एसपी ने बताया कि अवैघ पिस्टल बरामद होने पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए आदर्श नगर बंजारा कॉलोनी निवासी शाकिब उर्फ मोडल को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

युवा महोत्सव का आयोजन

छबड़ा (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई और स्वदेशी जागरण मंच छबड़ा द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही उद्यिमता आयोग के गठन के लिए चल रहे डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का आयोजन विभिन्न शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है।

जिला संयोजक मुकेश सोनी ने बताया कि सोमवार को निजी स्कूलों में कौशल कश्यप नगर संयोजक मंच द्वारा उद्यिमता आयोग के लिए चल रहे डिजिटल हस्ताक्षर अभियान के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई और उनको डिजिटल हस्ताक्षर के लिए प्रेरित किया।

अग्रवाल महिला मंडल रामपुरा की नई कार्यकारिणी गठित

कोटा, (निसं)। अग्रवाल महिला मंडल मंडल रामपुरा की नई कार्यकारिणी का गठन एक होटल में सम्पन्न हुआ। इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी का विदाई समारोह भी संपन्न हुआ।

नई कार्यकारिणी में सुषमा गुप्ता को अध्यक्ष और नीलू अग्रवाल को महामंत्री घोषित किया गया। वहीं प्रतिभा गुप्ता को कोषाध्यक्ष, मधु मित्तल और अंजू गोयल को सांस्कृतिक मंत्री, सरिता सिंघल को संयोजिका, उमा सिंघल को उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता को संरक्षिका, कुसुम गुप्ता, शोभा अग्रवाल को सलाहकार मंत्री, सुनीता गुप्ता और इंदिरा जैन को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।

कोटा क्रिकेट महाकुंभ में महाराष्ट्र की सावित्रीबाई फूले यूनिवर्सिटी चैंपियन बनी

- कोटा यूनिवर्सिटी की टीम उप विजेता बनी

कोटा, (निसं)। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में 9 जनवरी से 20 जनवरी तक आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष वर्ग के क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच कोटा विश्वविद्यालय और सावित्रीबाई फूले यूनिवर्सिटी पुणे महाराष्ट्र के बीच हुआ जिसमें महाराष्ट्र की टीम चैंपियन बनी यह आदिवासी विश्वविद्यालय के ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित क्लोजिंग सेरेमनी में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस के.एल.मीणा, विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा, राजस्थान के मुख्य नगर नियोजक संदीप दंडवते और कुलपति प्रोफेसर डीपी तिवारी ने विजेता टीम खिलाड़ियों और ऑफिशियल्स को ट्रॉफी प्रदान कर जीत की शुभकामनाएं दी।

कोटा और पुणे के बीच का फाईनल मुकाबला बहुत रोचक रहा। महाराष्ट्र की टीम ने कोटा की टीम को 125 रन का टारगेट दिया, लेकिन कोटा की टीम मात्र 110 रन पर ही सिमट गई और महाराष्ट्र चौंपियन बन गई। टूर्नामेंट का मैन ऑफ द मैच महाराष्ट्र के तनय सांगवी को दिया गया।

इस अवसर पर सभी टीम कप्तान ने अपना अनुभव भी मंच के माध्यम से साझा किया और पूरे क्रिकेट टूर्नामेंट को यादगार बताया।

दिल्ली से आए ऑब्जर्वर सरदार रणजीत सिंह संधू ने क्रिकेट टूर्नामेंट की ऑर्गेनाइजिंग कमेटी और जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की टीम को ऐतिहासिक आयोजन के लिए बधाई दी। कोटा विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड डायरेक्टर डॉ. विजय सिंह और आयोजन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को मोमेंटो देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन हरिराम किंवाड़ा ने किया। समारोह मे अखिल भारतीय मीणा सामाजिक और शैक्षणिक समिति की उपाध्यक्ष और पूर्व जिला प्रमुख कमला मीणा, बारां के पूर्व जिला प्रमुख भरत मारन, बोम के सदस्य प्रोफेसर डॉ.गोपाल सिंह, पूर्व आरएएस रामजीवन मीणा, रजिस्ट्रार एनके शर्मा, पूर्व आईपीएस बालमुकुंद मीणा, संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, दीनदयाल मीना, हरि प्रकाश मीणा समेत शिक्षा और खेल से जुड़े गणमान्य जन मौजूद रहे।

जेसीआई कोटा स्टार का मिलन समारोह

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल व चेयरपर्सन ऋतु खण्डेलवाल ने बताया कि गोकुलम फार्म हाउस कैथून रोड धाकड़खेड़ी में स्नेह मिलन समारोह मनाया गया।

इस दौरान सांप सीढ़ी खेलकर पर्यावरण व यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इस खेल का उद्देश्य यातायात नियमों पर प्रकाश डालना है। इसके माध्यम से हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना, पेड़-पौधे लगाना, प्लास्टिक का यूज नहीं करना जैसे सन्देश दिए गए। कार्यक्रम कॉ-ऑर्डीनेटर त्रिलोक अनिता जिन्दल ने बताया कि आओ जी लें फिर से बचपन कार्यक्रम के अंर्तगत सदस्यों ने सतोलिया, गिल्ली डंडा, खो-खो, क्रिकेट आदि गेम खले। सदस्यों ने बचपन की शरारतों ओर मस्तियों को फिर से जीने का आनन्द लिया।

सार-समाचार

लक्षिता को सम्मानित किया

कोटा, (निसं)। श्री महर्षि दाधीच शिक्षा समिति, कोटा द्वारा संचालित न्यू लुक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, नया नौहरा, बारां रोड, कोटा की छात्रा भारतीय मौसम विभाग (आई.एम.डी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा में पूरे राजस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर न्यू लुक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, नया नोहरा, कोटा की कक्षा 9 की छात्रा लक्षिता को नई दिल्ली के मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग (आई.एम.डी) के 150वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थे। इस अवसर पर लक्षिता को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की की गई। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के दौरान भारतीय मौसम विभाग (आई.एम.डी) ने देषभर के मेघावी छात्रों को आमंत्रित किया था। लक्षिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों और परिवार को दिया। स्कूल के निदेशक राज दाधीच, प्राचार्य संगीता चौपड़ा ने लक्षिता की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लक्षिता ने कहा, "मुझे मौसम विज्ञान में शुरू से रूचि थी और इस ओलंपियाड में सफलता पाना मेरे लिए गर्व का क्षण है। नई दिल्ली के मंडपम में आयोजित भारतीय मौसम विभाग (आई.एम.डी) के 150वें स्थापना दिवस का हिस्सा बनना मेरे लिए एक यादगार अनुभव रहा।" विद्यालय निदेशक राज दाधीच ने कहा की इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरे कोटा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोषन हुआ है एवं उत्कृष्ट परिणाम के लिए छात्रा को बधाई दी।

संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

छबड़ा (निसं)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में आयोजित संस्कृत ज्ञान परीक्षा छबडा तहसील के 70 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रभारी ललित गालव ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर, बालिका विद्यालय, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मदनाखेडी, निपानिया, कड़ैयानौहर, कड़ैयावन, कोठड़ी, भूलोंन, भुवाखेडी, भीलवाडा नीचा, जेपला, कमालपुर, फलिया, खेरखेड़ा भूरा, पटना मुंडक्या आदि राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय में 1551 भैया बहिनों ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा दी। जिसमें देश की संस्कृति, पवित्र धाम, पवित्र नदियां, मंदिर, खेल, इतिहास महापुरुषों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रधानाचार्य एवं केन्द्रा अधीक्षक अमृतलाल मीणा ने बताया कि परीक्षा को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी एवं मोबाइल टीम नियुक्त किए गए। जिसमें बलराम नागर, ऋषभ नागर, कमलेश मीणा, राजू कुशवाह, रामलखन वैष्णव को तय किया गया।

75 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा एवं रोटरी ग्राम दल आवां-पीसाहेड़ा द्वारा आवां कस्बे में रविवार को निशुल्क नेत्र जाँच एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन शिविर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। रोटरी ग्राम दल आवां के अध्यक्ष दिनेश राठी ने बताया कि शिविर में डीडी नेत्र संस्थान के चिकित्सकों द्वारा 215 रोगियों की जांच की गई। डॉक्टर द्वारा 75 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। चयनित मरीजों का डीडी नेत्र संस्थान ले जाकर ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपित किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि मोतियाबिंद के लिए चयनित सभी 75 मरीजों के लिए भोजन, चाय, पानी आदि की व्यवस्था भी की गई। रोटरी क्लब सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने बताया कि शिविर के आयोजन एवं क्रियान्वयन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को कम्बल वितरण

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी ने अवगत कराया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा, के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा परिसर में निःशुल्क कम्बल वितरण किये गये। इस अवसर पर भाजपा पार्षद भानू प्रताप सिंह गौड़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर

क्रमांकः-ननिको (उ.)/भ.नि.अनु./जोन-द्वितीय//2025/12618-19 दिनांकः-17.1.25

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गुलफशा पुत्री श्री इस्लाम निवासी-277, गणेशपुरा, कैलाशपुरी कोटा जं. का क्षेत्रफल 414.26 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखण्ड -277, गणेशपुरा, कैलाशपुरी कोटा जं. स्थित भूखण्ड का आवंटन नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा दिनांक 15.11.1988 को श्रीमती सूरज देवी पत्नी स्व. श्री लेखराज सिंह जिसका कुल क्षेत्रफल 414.26 वर्गफीट के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती सूरज देवी पत्नी स्व. श्री लेखराज सिंह ने जर्ये मुख्तारनामा आम श्री सोरन सिंह पुत्र स्व. श्री लेखराज सिंह के पक्ष में किया गया। श्रीमती सूरज देवी का स्वर्गवास दिनांक 15.02.2003 को व श्री लेखराज की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण क्रमांक 608-09 दिनांक 05.12.2003 को उनके पुत्र श्री सोरन सिंह पुत्र श्री लेखराज सिंह के पक्ष में किया गया। श्री सोरन सिंह पुत्र स्व. श्री लेखराज सिंह ने जर्ये रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.12.2005 को श्री मोहम्मद इस्लाम पुत्र श्री अब्दुल सत्तार के पक्ष में विक्रय किया गया। श्री मोहम्मद इस्लाम पुत्र श्री अब्दुल सत्तार ने जर्ये वसीयत-नामा दिनांक 16.03.2020 को श्रीमती गुलफशा पुत्र श्री मोहम्मद इस्लाम के पक्ष में कर दी गई।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखण्ड-277, गणेशपुरा, कैलाशपुरी कोटा जं. द्वारा कुल क्षेत्रफल 414.26 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित रूप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

कार्यालय नगर पालिका, सुकेत जिला कोटा (राज.)

क्रमांकः-न.पा.सु./2025/688 दिनांकः-20.1.25

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांकः प.10(न.पा.) (गठन) () (ब.घो.)डीएलबी/23/2935 दिनांक 26.07.2023 द्वारा ग्राम पंचायत सुकेत को क्रमोन्नत कर नगरपालिका सुकेत का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व ग्राम सुकेत को राजस्व सीमा को नगरीय सीमा घोषित किया गया है। नवगठित नगरपालिका के कार्यकाल पूर्व होने पर चुनाव शीघ्र आयोजित करवाये जाने के कारण जनगणना 2011 के आधार पर नगरीय सीमा में निर्धारित 25 वार्डों का परिसीमांकन प्रस्ताव श्रीमान निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव महोदय स्वायत्त शासन विभाग राज जयपुर के पत्रांक एफ.10 ()जन/स्वाशा./2024/6079 दिनांक 22.11.2024 में प्रदत्त निर्देशानुसार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के अनुसार तैयार कर निर्धारित प्रारुप क, प्रारुप ख, प्रारुप ग, एवं वार्डों का नक्शा दावे/आपत्ति हेतु कार्यालय नगरपालिका सुकेत के नोटिस बोर्ड पर प्रर्दशित किये गये है। जिस किसी भी आम नागरिक/संस्था को वार्ड गठन में कोई भी आपत्ति हो वह 09.02.2025 से पूर्व सुसंगत दस्तावेज एवं युक्तीयुक्त कारण के साथ कार्यालय नगरपालिका सुकेत में प्रस्तुत कर सकता है। जिनका निस्तारण एवं प्रस्तावों का अनुमोदन राज्य सरकार द्वारा किया जावेगा। निर्धारित दिनांक/अवधी के पश्चात कोई आपत्ति/दावे मान्य नहीं होगें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सुकेत

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-1845 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक 20.1.2025

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 371 कार्नर का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 28.12.2022 को श्रीमती प्रेरणा सिंह पत्नी श्री मनोज सिंह को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री नितिन राठौर पुत्र श्री पृथ्वीराज राठौर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 09.05.24 को श्री देवीशंकर राठौर पुत्र श्री बजरंग लाल राठौर को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 371 कार्नर योजना विनोबा भावे नगर का नाम हस्तान्तरण श्री देवीशंकर राठौर पुत्र श्री बजरंग लाल राठौर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

आपके सूझबूझ से उठाएं गए कदम
आपके सुखद भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं
ऑनलाइन भी उपलब्ध
एलआईसी का
निवेश प्लस
UIN: 512L317V02 | Plan No: 749
एलआईसी के निवेश प्लस, एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेन्स प्लान में एक बार भुगतान के साथ निवेश कीजिए
अपनी पसंद के साथ 4 फ़ंड्स में से निवेशित पूंजी में वृद्धि के हितलाभ के साथ जीवन बीमा संरक्षण
ग्रोथ फ़ंड | बैलेन्स्ड फ़ंड | सिक्योर्ड फ़ंड | बॉण्ड फ़ंड
बीमा राशि का प्रकार तथा निवेश फ़ंड चुनने की अनुकूलता
गारण्टीड एडीशन्स उपलब्ध
पॉलिसी को 5 वर्ष के पश्चात बिना किसी स्थगन शुल्क के अभ्यर्पित किया जा सकता है
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत बचत योजना
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512